हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 जून 2024

तापमान
अधिकतम 41.4 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

11 जिलास्तरीय अखाड़ा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला पहलवानों ने दिखाए जौहर



12 जो कौम अपने शहीदों को भूल जाती है उनका नामोनिशान मिट जाता: मेजर जनरल



## खबर संक्षेप

### शराब ठेके से नकदी और मोबाइल फोन चोरी

**बावल।** जयसिंहपुर खेड़ा में चोर एक शराब ठेके से नकदी व मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में रानौली निवासी नरेश कुमार ने बताया कि खेड़ा बॉर्डर के पास उसका शराब ठेका है। रात को ठेके के दो सेल्समैन अंदर सो रहे थे। चोर रविवार तड़के 3 से 4 बजे के बीच शटर उठाकर ठेके से सेल्समैन का फोन व 35 हजार रुपये चोरी कर ले गए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड है।

### नाबालिग लड़की के अपहरण का केस दर्ज

**जाटूसाना।** क्षेत्र के एक गांव से करीब 15 साल की लड़की लापता होने के बाद पुलिस ने उसके अपहरण का केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में लड़की के पिता ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 21 जून को अचानक घर से कहीं चली गई। शाम तक उसके वापस नहीं आने पर रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर उसकी तलाश की गई। उसकी बेटी का कोई पता नहीं चला।

### कोर्ट के आदेश पर पीओ के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक पीओ के खिलाफ केस दर्ज किया है। सरकार बनाम कृष्ण चंद्र मामले में कृष्ण कई दिनों से कोर्ट से गैर हाजिर चल रहा था। उसके खिलाफ बार-बार समन जारी किए जाने के बावजूद वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ। कोर्ट ने बाद में उसे पीओ घोषित कर दिया। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी संपत्ति का ब्योरा जुटाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**कुंड।** खालेटा में चोर एक मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। चोर जाते समय कैमरे की डीवीआर भी चोरी कर ले गए। थाना खोल पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। गांव की महिला सोनिया ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह अपने मायके गुरूग्राम के गांव जनोला गई हुई थी। जब वह वापस घर आई तो उसके मकान का ताला टूटा हुआ था।

### महिलाओं ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क पर फोड़े खाली मटकें

# दो महीने से पानी के संकट से जूझ रहे ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, ढाई घंटे बावल रोड को किया जाम

### बावल औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों सहित लोग जाम में फंसे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

शहर में पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। जेएलएन नहर को बंद हुए 25 दिन हो चुके है। जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को रोस्टर के हिसाब से पीने का पानी दिया जा रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रति व्यक्ति 70 लीटर पानी रोजाना देने के दावे पूरी तरह फेल हो रहे है, क्योंकि शहर में काफी जगह तो पानी पहुंच ही नहीं पा रहा है। सोमवार को पानी की किल्लत से गुस्साएं लोगों ने बावल रोड पर जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि वह करीब दो महीने से अधिक समय से पानी की समस्या से जूझ रहे है। करीब ढाई घंटे तक लगे जाम के दौरान बावल रोड पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सुबह के समय लगे जाम के कारण कंपनियों में ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कर्मचारियों की बस जाम में फंसी रही। सूचना मिलने पर मॉडल टाउन थाना प्रभारी कृष्ण कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जाम लगाने वालो लोगों को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण पानी की समस्या का समाधान करने की मांग को लेकर मार्ग पर डटे रहे।





रेवाड़ी। जाम के दौरान सड़क पर खाली मटका फोड़ती महिला व पानी की समस्या को लेकर बावल रोड पर जाम के दौरान जमा लोग। फोटो : हरिभूमि

**महिलाओं ने सड़क पर फोड़े खाली मटकें:** बावल रोड पर लगाए गए जाम में पुरुषों के साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी शामिल रही। महिलाओं ने सरकार व प्रशान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गुस्साई महिलाओं ने एक के बाद सड़क पर खाली मटकें फोड़कर अपना रोष जताया। महिलाओं ने कहा कि पिछले दो महीनों से पानी की समस्या से काफी परेशानी हो रही है। अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इसलिए मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा है।





रेवाड़ी। बावल रोड पर लगे जाम के दौरान लोगों को रोकती महिलाएं व जाम के दौरान एसएचओ कृष्ण कुमार को समस्या बताती महिला। फोटो : हरिभूमि

**चार गांवों में हो रही पानी की किल्लत:** बावल रोड स्थित चार गांवों में दो महीने से ज्यादा समय से पानी के संकट गहराया हुआ है। समस्या का समाधान न होने पर सोमवार को गांवों के ग्रामीणों ने बावल रोड पर जाम लगा दिया। गांव देवलावास के सरपंच धर्मेंद्र यादव ने बताया कि गांव गज्जीवास, देवलावास, चांदपुर की ढाणी व धामलाका में पिछले दो महीने से ज्यादा समय से पानी का संकट बना हुआ है। कभी मोटर ऑपरेटर मोटर नहीं चलाता तो कभी किसी अन्य परेशानियों के कारण घरों तक पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है। सरपंच ने कहा कि भीषण गर्मी में भी लोगों का पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी की समस्या को लेकर कई बार ग्रामीण पंचायत विभाग के अलावा जिला उपायुक्त से भी मिल चुके है।

### टायर व अन्य सामान डालकर लगाया जाम

पानी की समस्या को लेर सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने बावल रोड पर चांदपुर की ढाणी की पास सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों के टायर व अन्य सामान डालकर रास्ता रोक दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम के कारण बावल औद्योगिक क्षेत्र में कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों की बस भी फंस गई। करीब ढाई घंटे लगे जाम के दौरान कंपनी कर्मचारियों के साथ अन्य लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ी। जाम के दौरान पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी, लेकिन ग्रामीण मौके पर डटे रहे। इसके बाद डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समस्या का समाधान करने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

## यूनियन ने की चार महीने का बकाया वेतन व एरियर जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

ऑल हरियाणा पीडब्लयूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की कोसली ईकाई ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर सोमवार को कार्यालय परिसर में धरना देकर कार्यकारी अभियंता अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अवधि आधार पर लगे कर्मियों का चार महीने का बकाया वेतन व एरियर तुरंत जारी करने की मांग की। इसके अतिरिक्त एचकेआरएन कर्मचारियों का एक्सपीरियंस कम किए जाने, ईएसआई कार्ड बनाए जाने, वेतन का स्पष्ट ब्यौरा देने, सभी जल घरों पर रंग रोगन व मरम्मत कराए जाने, टूल किट दिए जाने, जलघरों पर शौचालय बनाए जाने, सभी नियमित कर्मचारियों की बकाया एलटीसी का भुगतान कराए जाने तथा एक कर्मचारी का आठ माह के वेतन का भुगतान किए जाने की मांग की। इस मौके पर यूनियन के जिला महासचिव चरण दास, कोसली ईकाई के प्रधान हंसराज यादव, महामंत्री रविंद्र, चेयरमैन मनोज, उपप्रधान रमेश, प्रेम शंकर, अजय यादव व रामपाल सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। मांगों को लेकर धरना देते यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## एनएचएम कर्मचारियों का काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन

- नियमित करने की मांग को लेकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

नेशनल हेल्थ मिशन की ओर से सोमवार को स्वास्थ्यकर्मियों ने नियमित कराने सहित अन्य मांगों को लेकर काले बिल्ले लगाकर रोष प्रकट किया गया। एनएचएम कर्मचारी पिछले 25 सालों से स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन इनकों अभी तक पक्का नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने कहा कि अगर सरकार 7 जुलाई तक मांगो पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाती है तो एनएचएम कर्मचारी बड़े आंदोलन करने पर मजबर होंगे। एनएचएम संघ के प्रदेश प्रधान विशाल धनखड़ ने कहा कि इन कर्मचारियों मेहनत व लगन की बदौलत हरियाणा सरकार देश स्तर पर अच्छी स्वास्थ्य सेवा के मामले में सम्मानित हो चुकी है। एनएचएम स्वास्थ्य विभाग का सबसे महत्वपूर्ण स्टाफ है, लेकिन सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों में नियमतिकरण, सेवा सुरक्षा, पूर्व सीएम मनोहर लाल द्वारा घोषित 7वां वेतन-पे व एएनएम, ईएमटी, कप्यूटर ऑपरेटर व सूचना सहायक की अनेक कैटेगरी में वेतन विसंगतियों पर ध्यान नहीं दे रही है। इन मांगो को लेकर कर्मचारी कई बार आंदोलन कर चुके है। मिशन निदेशक से भी मिलने पर हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश में एनएचएम कर्मियों की संख्या 17000 व रेवाड़ी जिले में 500 के करीब है।



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में काले बिल्ले लगाकर रोष जताते एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## मंदोला में 15 दिवसीय योग शिविर का समापन



रेवाड़ी। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की ओर से सोमवार को गांव मंदोला में पिछले 15 दिन से चल रहे योग शिविर का हवन के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने ग्रामीणों को अनुलोम विलोम, कपालभाति, व भ्रामरी सहित अनेक योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि रोजाना प्रातः प्राणायाम करने से शरीर में फेफड़े, हृदय व मांसपेशियां मजबूत होती हैं। योग पाचन तंत्र के साथ-साथ पूरे शरीर में शुद्ध ऑक्सीजन की आपूर्ति को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की जिंदगी में अपने आपको स्वस्थ रखने के लिए योग क्रिया करना अति आवश्यक है। शिविर के समापन पर बच्चों, महिलाओं व युवाओं को पतंजलि योगपीठ की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामनिवास भारत स्वाभिमान ट्रस्ट सह प्रभारी, विवेकानंद स्कूल की एमडी कृष्ण यादव, डायरेक्टर नरेश यादव, सुधीर यादव एडवोकेट, राजवीर, सत्य प्रकाश, ओम प्रकाश यादव, प्रवीण, राजेश यादव, राधेश्याम, ममता, सुनीता, निर्मला, रोशनी, विनोद देवी, सरपंच अनुपमा देवी व शैलेंद्र कुमार मौजूद थे।

## दुकान से जेवरात लूटने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

कानोड़ गेट चौकी पुलिस ने दुकान से जेवरात लुटने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला शुक्रपुरा निवासी दिनेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटे हुए 37 ग्राम सोने के जेवरात व 32 हजार रुपये बरामद किए है। चौकी इंजार्ज एएसआई पिंटू ने बताया की गांव खोल हाल में मोहल्ला रामसिंहपुरा निवासी योगेश ने अपने मकान में ही ज्वैलर्स की दुकान कर रखी है। 17 जून की रात को मोहल्ला रामसिंहपुरा निवासी सागर व उसका एक साथी उसके मकान में बनी ज्वैलर्स की दुकान में घुस गए। जब उसने आरोपियों को पड़ने की कोशिश की तो आरोपी उसके सिर पर ईंट मारकर भाग गए। आरोपी उसकी दुकान से काफी मात्रा जेवरात लूटकर ले गए है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपी दीपक, सागर व विकास उर्फ विक्की को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था तथा उनके कब्जे से लुटे हुए 9.67 किलोग्राम चांदी के जेवरात व 12 हजार रुपये बरामद किए थे। पुलिस ने रविवार को एक और आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## नीट में गड़बड़ी को लेकर यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

- हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सचिन भुरथला बोले युवाओं के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

हरियाणा युवा कांग्रेस की ओर से सोमवार को नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सचिन भुरथला के नेतृत्व में प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम डीडीपीओ नरेन्द्र सरवान को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सचिन भुरथला ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को अंधकार की ओर ले जाने का काम रही है। एनटीए जैसी एजेंसी बच्चों का मजाक बना रही है। भुरथला ने कहा कि बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और यह भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस घोटाले की जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दे। सभी बच्चों के पेपर जल्द से जल्द दोबारा कराए जाए।



रेवाड़ी। डीडीपीओं को ज्ञापन सौंपते हुए यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

सीआईए रेवाड़ी पुलिस ने मोहल्ला मुक्तिवाडा में एक युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहल्ला गुर्जरवाडा निवासी विक्की व गांव भाखली निवासी नवीन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी विक्की के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई एक अवैध देशी पिस्टल बरामद की है। मोहल्ला मुक्तिवाडा निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसके मामा के लड़के नितीश को उसकी मां ने गोद ले रखा है। 21 जून की रात को समय करीब 9 बजे उसका भाई नितिश जब घर पर था तो मोहल्ला गुर्जरवाडा निवासी विक्की उनके घर पर आया और उसके भाई नितिश को छत पर लेकर गया और नितीश को गोली मार दी, जिससे वह गंम्भीर रूप से घायल हो गया। आरोपी विक्की अपनी बाइक लेकर मौके से भाग गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत केएलपी कॉलेज के सभागार में निकाला ड्रा

# शहर के सेक्टर 18 व 19 में 2229 लाभार्थियों को प्लाट आवंटित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत सोमवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर-18 और 19 में 2229 लाभार्थियों को तीस-तीस गज के प्लाट आवंटित किए गए। मुख्यमंत्री नायब सिंह 26 जून को रोहतक में इन सभी लाभपात्रों को प्रदेश स्तरीय समारोह में भूखंडों के आवंटन पत्र प्रदान करेंगे। एडीसी एवं डीएमसी अनुपमा अंजलि की अध्यक्षता में केएलपी कॉलेज के सभागार में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना का ड्रा निकाला गया। ड्रा के माध्यम से आवेदकों को ज्ञात हुआ कि उनको कौन सा प्लाट नंबर दिया जाएगा। कंप्यूटर का एक बटन क्लिक कर योजना के सभी 2229 आवेदकों को प्लाट नंबर दिए गए। एडीसी अनुपमा अंजलि ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबके लिए आवास कार्यक्रम देशभर में शुरू किया हुआ है। इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए हरियाणा में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के पिछले साल सितंबर माह में फार्म भरवाए गए थे। इसमें वही परिवार आवेदन कर सकते थे, जिनकी फैमिली आईडी में वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए या इससे कम है। एडीसी ने बताया कि शहर में इस वर्ष फरवरी माह में 2229 आवेदकों ने दस हजार रुपए की राशि का भुगतान कर प्लाट की बुकिंग कराई थी। हाउसिंग फोर ऑल डिपार्टमेंट ने इन सभी आवेदकों को एचएसवीपी से मिलकर भूखंड दे दिए हैं। आवेदकों को एक प्लाट के लिए कुल एक लाख की राशि जमा करानी है। इसमें दस हजार रुपए प्लॉट के कागजात मिलने के बाद एक माह और शेष 80 हजार रुपए की राशि 6 किस्तों में प्लाट का कब्जा मिलने के बाद अदा करनी है। लाभपात्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, घुमंतू जाति, अनुसूचित वर्ग तथा विधवा महिलाएं शामिल हैं। जिले में घुमंतू परिवारों के 15, विधवा श्रेणी में 248, अनुसूचित वर्ग के 662 एवं 1304 अन्य लाभपात्र शामिल हैं। एडीसी अंजलि ने बताया कि आवास आवंटन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था, जिसमें एसडीएम बावल मनोज कुमार, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप मलिक, एचएसवीपी के कार्यकारी अधिकारी दीपक घनघस, नगरपरिषद के अभियंता प्रवीन राघव व एसटीपी रेणुका सिंह शामिल थी।



रेवाड़ी। केएलपी कॉलेज सभागार में मौजूद एडीसी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

रोहतक,मंगलवार
25 जून 2024
हरिभूमि सहेली



अलर्टनेस / शिखर चंद जैन

## अच्छी हैं ये बुरी आदतें

अच्छा हासिल करने के लिए बुरी समझी जाने वाली आदतों के कुछ अंश हम अपना लें तो इसमें कोई बुरी बात नहीं है। वे कौन-सी बुरी आदतें हैं, जो हमारा हित कर सकती हैं, आप जरूर जानिए।

कहने को तो कुछ आदतें अच्छी नहीं कही जाएंगी, बुरी ही कही जाएंगी, लेकिन ये 'बुरी आदतें' हमारे लिए अच्छी साबित होती हैं, हमें अलर्ट रखकर लाभ पहुंचाती हैं। तो क्यों ना, इन आदतों को अपनाएं और लाभ उठाएं।

**इस मामले में हो जाइए आलसी:** अगर आप शेयर्स में इंवेस्ट करती हैं, अपने अच्छे-खासे पोर्टफोलियो में बार-बार बदलाव की कोशिश में रहती हैं यानी, दिनभर बार-बार शेयर्स लेती-बेचती हैं तो इस काम में आलसी हो जाइए। बहुत ज्यादा एक्टिव रहने की आदत त्याग दीजिए। बार-बार शेयर्स लेने-बेचने में सिर्फ ब्रोकर को फायदा होता है, आप इनके लॉन्ग टर्म प्रॉफिट से वंचित रह सकती हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्ट्रांग कंपनियों के शेयर खरीदकर उनको लंबे समय तक रखने में फायदा है, आप इसकी आदत डालिए।

### थोड़ी सी प्राउडी बनें

लोग प्राउडी बनने से मना करते हैं, लेकिन आप जो कुछ भी काम करती हैं या प्रोफेशनल रूप से आप जो भी हैं, कामयाब हैं, उस पर आपको प्राउड भी करना चाहिए। अपने बिजनेस,



प्रोफेशन या अपनी एक्सपर्टाइज के बारे में आपको हर किसी को गर्व के साथ बताना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में जानेंगे और आपका काम बढ़ेगा। आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

**कभी-कभी गुस्सा भी करिए:** हमेशा कूल माइंड रहने से काम नहीं बनता। लोग आपको सॉफ्ट टार्गेट समझने लगेंगे। अगर कोई वित्तीय संस्थान, ग्राहक, सप्लायर या कर्जदार आपसे वादा खिलाफी करता है तो आपको अपने तेवर दिखाने चाहिए। आपका इंश्योरेंस एजेंट, शेयर ब्रोकर और बैंक रिप्रेजेंटेटिव आपको बेवकूफ बनाने की कोशिश करे, तो उसके साथ जरा कड़क तरीके से पेश आएं, ताकि आपसे चीटिंग करने की उसकी हिम्मत न हो।

**जरा-सी लालची बनें:** पैसे कमाने, बचाने और इकट्ठा करने के मामले में आपको थोड़ा लालची बनना चाहिए। अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए या पैसे कमाने के लिए लालची होना जरूरी है। जब पैसों के प्रति आपका लालच खत्म हो जाएगा तो आपकी कमाने और बचाने की आदत कमजोर पड़ती चली जाएगी। इससे आप आर्थिक रूप से कमजोर हो सकती हैं।

**पॉजिटिव जेलसी करें:** कोई कुछ भी कमाए अपने को क्या! ये वैराग्य भाव आपको लक्ष्मी कृपा से वंचित कर सकता है। आपको अपने इर्द-गिर्द मौजूद सफल और समृद्ध लोगों से जेलसी करनी चाहिए, लेकिन यह पॉजिटिव रूप में हो। आपको उनकी वित्तीय आदतों को बारीकी से देखना-समझना चाहिए, उनसे बातचीत करके, उनसे मिलकर उनकी सफलता का सूत्र जानना चाहिए फिर उन आदतों को अपनाना चाहिए।

**जरा शक्की भी बनें:** अपने धन की सुरक्षा और निवेश के प्रति आपको थोड़ा सनकी और शक्की भी होना चाहिए। कहीं भी निवेश करने से पहले चार बार सोचें, चार लोगों से पूछताछ करें। इससे आप आर्थिक नुकसान की आशंका से बची रहेंगी।



कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

दूसरों की मदद करना, चिंता करना आपकी संवेदनशीलता का परिचायक है। लेकिन इसके चलते आप अपनी उपेक्षा करें, अपनी खुशियां मारें, आपके अपने जरूरी काम प्रभावित हों और आप हमेशा तनाव से घिरी रहें, ये आपके लिए सही नहीं है। इसलिए अनावश्यक चिंताओं से बचने के लिए कभी-कभी 'आई डोंट केयर' का भाव भी जरूरी है।

# करामाती है आई डोंट केयर

मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', 'मैं परवाह नहीं करती', 'आई डोंट केयर', ये सिर्फ शब्द भर नहीं हैं। ये हमारे जीवन को गति देने वाले वाक्य हैं। हर मीनमेख को अनदेखी कर आगे बढ़ते जाने का हौंसला देने वाली सोच है। इसे आजकल 'आइडीसी एटिट्यूड' भी कहा जाता है। आमतौर पर नकारात्मक समझे जाने वाले इंसानी व्यवहार के इस पक्ष के कई सकारात्मक पहलू भी हैं। हमें इसे जरूर जानना-समझना चाहिए ताकि हम एक शांत, तनावरहित जीवन जी सकें।

### ऊर्जा बचाती सोच

बहुत सी बातों और बर्ताव की अनदेखी सीधे-सीधे हमारी ऊर्जा बचाती है। कहते हैं कि जिस पल हम लोगों की परवाह करना बंद कर देते हैं, उसी पल से चीजें बेहतर होना शुरू हो जाती हैं। इसीलिए दूसरों को खुश करने की कोशिश में अपना समय बर्बाद करने के बजाय, उनकी आलोचना या मीनमेख निकालने की प्रवृत्ति को अनदेखा करना सबसे सही राह है। यूं भी यह जीवन सिर्फ दूसरों के मन-मुताबिक जीने के लिए नहीं है। जिंदगी, हर बार औरों को खुश करने की कोशिशों में जुटे रहने के लिए नहीं मिली है। समझना मुश्किल नहीं कि अपने हों या पराए, सहकर्मी हों या मित्र। अधिकतर लोगों को, उनकी बातें मानने, उनके अनुसार बर्ताव करने पर ही खुशी मिलती है। दूसरों को खुश रखने का यह फेर सबसे पहले खुद की खुशी छीनता है। इतना ही नहीं, खुद की अनदेखी का यह



व्यवहार मन-मस्तिष्क की ऊर्जा भी सोखता है। इसलिए दूसरों की खुशी के लिए अपनी ऊर्जा न नष्ट करें, अपनी खुशी न मारें।

### अपनी खुशी को अहमियत

कोई भी इंसान हर बार, हर हाल में सबको खुश नहीं रख सकता है। 'आई डोंट केयर' वाले अंदाज के साथ इंसान अपने आपको खुश रख सकता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि ऐसे लोग स्पष्टवादी बन जाते हैं। प्रतिक्रिया लेने या देने में कोई लाग-लपेट नहीं करते। अपनी नकली छवि बनाए रखने की कोशिश में समय नहीं गंवाते। लोगों की कही हर बात की परवाह करने वाला इंसान खुद की खुशी के लिए कुछ नहीं कर पाता। ऑस्ट्रेलियाई न्यायविद कैथरीन होम्स के मुताबिक, 'किसी चीज की परवाह करना, आपसे वह काम करवा सकता है, जो आपको नहीं करना चाहिए।' समझना मुश्किल नहीं कि हमेशा दूसरों के अनुसार चलने की सोच, अपने मन को खुशी नहीं दे सकती।

### आत्मविश्वास की सौगात

'आई डोंट केयर' की सोच को आमतौर पर नेगेटिव एंगल से देखा जाता है। जबकि यही सोच असल में जिम्मेदारी का भाव भी लाती है। अपने काम, अपनी सोच और अपने फैसलों के प्रति जिम्मेदारी लेने का मनोबल मिलता है। लोगों की टीका-टिप्पणियों पर गौर न करते हुए, जो रास्ता चुना है, उस पर भरोसे के साथ बढ़ते जाने का जज्बा आता है। 'मुझे कोई परवाह नहीं है' या 'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', असल में बहुत सी नेगेटिव बातों के लिए मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर इंसान का सुरक्षा कवच भी बनता है। बात-बात में मन को ठेस पहुंचाने के हालातों में आगे बढ़ना मुश्किल होता है। ऐसे में दूसरों की ऊल-जुलूल बातों की परवाह ना करना, आत्मविश्वास तो बढ़ाता ही है, अपने सपनों को भी गति देता है। इतना ही नहीं, यह सोच खुद को, दूसरों की जिंदगी में बेवजह दखल देने से भी बचाती है।

### जरूरी है एक संतुलित व्यवहार

**आई डोंट** केयर का यह मतलब नहीं कि हम दूसरों की परवाह बिल्कुल ना करें। दूसरों की परवाह करना गलत नहीं है, लेकिन इसके चलते अपने आपको भूल जाना गलत है। यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, क्योंकि कई बार हम दूसरों की चिंता में तनाव से घिर जाते हैं। इसलिए यह समझना जरूरी है कि दूसरों की मूल्यवान सलाह या परिवार-घनिष्ठ मित्रों की राय हमेशा नजरअंदाज करना भी सही नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि दूसरे का ध्यान रखने के पीछे संवेदनशीलता और इंसानियत की सोच रहती है। जब भी, जिस परिस्थिति में भी किसी को सहायता की जरूरत होती है, संवेदनशील मन दूसरों की मदद करने में नहीं चूकता। बात-बात में खुद का मन ना दुखाने की सोच रखने वाले इंसान में अपनों की चिंता और परायों की परेशानी समझने का केयरिंग भाव भी कम नहीं होता। ऐसे लोग कभी किसी को पीड़ा नहीं पहुंचाते। साथ ही तकलीफ के दौर में साथ देने का भाव भी रखते हैं। इसलिए एक संतुलित व्यवहार रखना जरूरी है। इस व्यावहारिक सोच में स्वयं को बेवजह की परेशानियों से बचाने के साथ ही, औरों के मन को समझना भी जरूरी है।



बिहेवियर / मेघा राठी

## शिकायत सुनकर नाराज ना हों

रिश्तों में कभी-कभार शिकायत होना कोई बड़ी बात नहीं। अगर किसी संबंधी ने कोई शिकायत की है तो इसमें नाराज ना हों। शिकायत की वजह समझ कर अपने रिश्तों को बनाए रखना चाहिए।

यह गलत नहीं कहा जाता कि जब तक कोई शिकायत कर रहा है, तब तक यह मान कर चलिए कि उसका संबंध आपसे जुड़ा हुआ है और यदि वह शिकायत करना बंद कर दे तो समझ जाइए कि अब उसका जुड़ाव आपसे खत्म हो चुका है।

**समझें शिकायतकर्ता के मन की बात:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत करने वाला व्यक्ति हमसे संबंध बनाए रखना चाहता है, इसलिए वह अपनी बातें हमारे सामने रखना चाहता है। हो सकता है कि उसके कहने का ढंग गलत हो, लेकिन क्रोध, आवेग या अभिमान में शिकायत को अनदेखा-अनसुना करना या बहस करके व्यक्ति को चुप करा देना सही नहीं है। वर्षों पुराने अपने रिश्ते इतनी आसानी से नहीं खत्म किए जाने चाहिए। इनका मान रखना चाहिए।

**शिकायत का कारण समझें:** जब भी कोई शिकायत करे तो एक बार ठंडे दिमाग से शिकायत के कारण को समझने का प्रयास जरूर करें। जरूरी नहीं कि हम सही ही हों। हमारे नजरिए से जो काम या बातें सही लग रही हैं, वे दूसरे व्यक्ति को तकलीफ पहुंचा रही हों। शिकायत आने पर दूसरे पहलू को भी समझने का प्रयत्न करें, दूसरे व्यक्ति का पक्ष भी जानें, इसके बाद किसी निर्णय पर पहुंचें। जल्दबाजी में लिए निर्णय गलत भी हो सकते हैं, इससे बाद में हमें अपने निर्णय से पछतावा होगा।

### बातचीत का रास्ता ना करें बंद

क्रोध में आकर संबंधों को खत्म करने से बेहतर है कि हम शांतिपूर्ण बात का रास्ता अपनाएं। हो सकता है, शिकायत किसी भ्रम के कारण उपजी हो या शिकायतकर्ता स्थिति को समझने, स्वीकार करने में



असमर्थ हो। इन परिस्थितियों में बातचीत के माध्यम से शिकायत को दूर किया जा सकता है। अपने रिश्तों को बनाए रखा जा सकता है।

**शिकायत के उद्देश्य को समझें:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत का उद्देश्य हमेशा गलत नहीं होता है, ना ही दूसरे व्यक्ति को नीचा दिखाना होता है। यदि उद्देश्य गलत नहीं है तो शिकायत को स्वयं के लिए सिरदर्द समझना या तनाव में आना उचित नहीं है। यहां यह समझना भी जरूरी है कि शिकायत के कारण उपजी झुंझलाहट, नाराजगी अधिक महत्वपूर्ण है या व्यक्ति से संबंध, इसके बाद ही निर्णय लीजिए कि किसका साथ देना है और किसका छोड़ना है? यह भी विचार कर लें कि कहीं हम ही अनजाने में बार-बार अपने संबंधी को शिकायत करने का अवसर तो नहीं दे रहे हैं।

**पॉजिटिव रुख अपनाएं:** शिकायतों के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाया जाए तो यह हमेशा बुरी नहीं होती बल्कि यह हमें स्वयं के व्यक्तित्व विश्लेषण का अवसर देती हैं। साथ ही दूसरे व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी समझने का मौका भी देती है। इसको व्यक्तित्व विकास के एक पाठ के रूप में स्वीकार करना चाहिए, किंतु शिकायत का उद्देश्य यदि सही नहीं है, अपमान करना या हानि पहुंचाना है, तब ऐसी शिकायतों पर कठोर कदम जरूर उठाना चाहिए।

मेडिकल सजेशन

डॉ. अंशु जिंदल, स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रेग्नेंसी पीरियड में कुछ महिलाएं कूल्हों के दर्द से बहुत परेशान रहती हैं। इससे बचाव और राहत पाने के लिए यहां दिए जा रहे सजेशन बहुत यूजफुल हो सकते हैं।

# प्रेग्नेंसी में कूल्हों का दर्द ऐसे करें बचाव-उपचार

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उनमें से ही एक है कमर या कूल्हे की हड्डी या दोनों पैरों के बीच में दर्द होना। कई बार तो इतना असहनीय दर्द रहता है कि चलने, उठने-बैठने में भी मुश्किल होने लगती है। यहां तक कि महिलाएं घर के काम भी आसानी से नहीं कर पाती हैं।

**दर्द का कारण:** ऐसे दर्द के कई कारण हो सकते हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में बहुत तेजी से शारीरिक बदलाव होते हैं। मांसपेशियां स्ट्रेच करने लगती हैं, लिगामेंट्स फ्लेक्सिबल होने लगती हैं। उनके गर्भ का आकार और भार धीरे-धीरे बढ़ रहा होता है, जिसकी वजह से उन्हें दर्द महसूस होता है। डिलीवरी का समय आने पर यह दर्द ज्यादा बढ़ जाता है। शरीर में हार्मोनल बदलाव, कैल्शियम, प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों की कमी भी इस दर्द का कारण हो सकता है।

**बचाव के उपाय:** अगर महिलाएं कुछ बातों का ध्यान रखें तो वे प्रेग्नेंसी के दौरान कूल्हों में होने वाले असहनीय दर्द से बच सकती हैं।

- बहुत देर तक खड़े होकर कोई काम न करें। इससे गर्भ का भार नीचे की ओर पड़ेगा और शरीर के निचले हिस्से यानी पेल्विक और कूल्हे के आस-पास दर्द ज्यादा बढ़ सकता है।



- कोई भारी-भरकम सामान न उठाएं या ऐसा काम न करें, जिसमें आपको 5 किलो से ज्यादा वजन उठाना पड़े।
- जहां तक संभव हो प्रेग्नेंसी के दौरान सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने से बचें।
- पोषक और संतुलित आहार का सेवन करें क्योंकि प्रेग्नेंसी के दौरान शरीर में काफी कमजोरी आ जाती है। प्रोटीन ज्यादा मात्रा में लें। खाना सही समय पर, ताजा और घर का बना ही खाएं।
- कई मेडिकल एक्सपर्ट्स मानते हैं कि शरीर में दर्द का संबंध डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी से भी होता है। इससे बचने के लिए दिन में 8-10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा लिक्विड डाइट लेनी चाहिए, जैसे- विटामिन सी वाले फल, जूस, छाछ, नारियल पानी पीना फायदेमंद है।
- प्रेग्नेंट महिलाओं को कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए रोजाना सुबह-शाम दूध जरूर पीना चाहिए। डॉक्टर से परामर्श कर कैल्शियम सप्लीमेंट्स भी ले सकती हैं।

**ऐसे मिलेगा आराम:** कूल्हे के दर्द से राहत पाने के लिए प्रेग्नेंट महिलाएं कुछ बातों पर गौर कर सकती हैं।




- रोजाना नारियल तेल या फिर सरसों का तेल लगाकर हल्के हाथों से मसाज करना फायदेमंद है। अपनी क्षमता के अनुसार हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या वॉक करें।
- सोते समय करवट लेकर सोना चाहिए और दोनों पैरों के बीच तकिया लगाकर सोएं। इससे यूटेरस और कूल्हों पर कम प्रेशर पड़ेगा। इसी तरह कुर्सी या सोफे पर बैठते समय पीछे तकिया लगाकर बैठें।
- यथासंभव वेस्टर्न टॉयलेट का इस्तेमाल करें, क्योंकि इंडियन टॉयलेट में नीचे बैठने पर दर्द बढ़ सकता है।
- झटके से उठना-बैठना अवॉयड करें। इससे दर्द बढ़ सकता है।

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

आपकी खूबसूरती तब और बढ़ जाती है, जब लिप्स सॉफ्ट-पिंक हों। लेकिन किसी वजह से अगर आपके लिप्स डार्क दिखने लगें तो आप कुछ इफेक्टिव होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

# जब लिप्स दिखने लगें डार्क आजमाएं ईजी होम रेमिडीज





केयर

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

तेज धूप, शरीर में पानी की कमी और बार-बार होंठों पर जीभ फेरने से कई बार इनका कलर डार्क दिखने लगता है। इसके अलावा शरीर में खून की कमी, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, ज्यादा चाय, कॉफी पीने से भी होंठ काले पड़ जाते हैं। यही नहीं ज्यादा लिपस्टिक लगाने से भी लिप्स का कलर डार्क हो सकता है। वजह कोई भी हो, डार्क लिप्स अच्छे नहीं लगते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए आप कुछ ईजी-इफेक्टिव होम रेमिडीज अपना सकती हैं।



**लिप्स स्क्रब :** डार्क लिप्स को सॉफ्ट और पिंक बनाने के लिए स्क्रब का यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको आधा चम्मच मलाई में एक चौथाई चम्मच चीनी और आधा चम्मच नीबू का रस मिलाना होगा। इसे अच्छी तरह मिक्स कर होंठों पर हल्के से स्क्रबिंग करें।

**खीरे का जूस :** लिप्स कलर को ग्लोइंग बनाने में खीरा भी इफेक्टिव होता है। इसके लिए खीरे का जूस बनाकर फ्रिज में रख दीजिए। इस जूस को रुई की मदद से होंठों पर लगाकर छोड़ दें और कुछ समय बाद ताजे पानी से धो डालिए। खीरे में मौजूद विटामिन ए और सी होंठों के कालेपन को दूर करने में असरदार साबित होते हैं। खीरे का जूस एंटीऑक्सीडेंट्स और सिलिका रिच कंपाउंड्स से भरपूर होता है। ये कंपाउंड्स, पिगमेंटेशन को कम कर होंठों के डार्क कलर को लाइट करते हैं।



**नीबू-शक्कर पेस्ट ब्लीचिंग :** नीबू में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो ब्लीचिंग की तरह काम करते हैं। इस गुण की वजह से होंठों के कालेपन को दूर करने में नीबू काफी मददगार होता है। एक कांच की कटोरी में एक चम्मच शक्कर और एक चम्मच नीबू के रस को मिला लें। शक्कर थोड़ी पिघल जाने पर इसमें आधा चम्मच शहद को मिला लें। इससे केवल अपने चेहरे को साफ कर लें और इसके बाद ताजे पानी से धोकर होंठों को सुखा लें। कुछ देर बाद केवल होंठों पर इस पेस्ट को लगाकर लगभग 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद होंठों को पानी से साफ कर लें और लिप बाम लगा लें। इसे रोजाना करने से आपके होंठों की रंगत में कुछ ही समय में असर दिखने लगेगा।



**हल्दी-मलाई पेस्ट :** हल्दी और मलाई का पेस्ट बनाकर रात में सोने से पहले होंठों पर हल्की-हल्की मसाज करें। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेंटरी गुण मौजूद होते हैं, जो होंठों के कालेपन के साथ, फटे होंठों की समस्या को भी दूर करते हैं। मलाई, होंठों को पोषण देकर इसकी रंगत को निखार देगी। रात के समय होंठों पर शुद्ध देसी घी लगाकर सोने से भी होंठ नरम और गुलाबी हो जाते हैं।

**एलोवेरा जैल :** एलोवेरा जैल भी होंठों को निखारने में कारगर है। दिन में कभी भी आप अपने होंठों पर एलोवेरा जैल लगा सकती हैं। एलोवेरा में एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होते हैं, जो होंठों के रंग को डार्क होने से रोकता है।

रेसिपी

ओम प्रकाश गुप्ता

तपिश भरी गर्मी से राहत पाने के लिए बार-बार कुछ ठंडा खाने का मन करता है। इसीलिए हम आपको बता रहे हैं, आसानी से बनने वाली कुछ टेस्टी कुल्फी की रेसिपी।

# हॉट सीजन-चिल्ड कुल्फी

### आड़ू कुल्फी



**सामग्री:** पके आड़ू-2, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-6 बड़े चम्मच, ताजा क्रीम-2 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले आड़ुओं का गूदा निकालकर मिक्सी में पीसकर पेस्ट बनाएं। एक बर्तन में दूध को आधा रहने तक पकाएं। इसमें चीनी, आड़ू पेस्ट और मिल्क पावडर मिलाकर फेंटें। मिश्रण को कुल्फी के सांचों में भरकर 6-7 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। सांचों से निकालकर तुरंत सर्व करें।

### अंजीर-दही कुल्फी



**सामग्री:** सूखे अंजीर-4 (3-4 घंटे पानी में भीगे), चक्का दही-300 ग्राम, ठंडा दूध-आधा कप, बादाम चूरा-1 बड़ा चम्मच, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, वनिला एसेंस-आधा छोटा चम्मच, कटे बादाम-2 छोटे चम्मच

**विधि:** भीगे अंजीरों को मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें। बादाम चूरा छोड़कर शेष सारी सामग्री इसके साथ अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को कुल्फी मोल्ड्स में डालकर 6 से 8 घंटों के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर कुल्फियों को मोल्ड्स से निकालें और बादाम चूरा बुरक कर सर्व करें।

### ब्लैक करेंट कीवी कुल्फी



**सामग्री:** ब्लैक करेंट (काले अंगूर) क्रश-2 बड़े चम्मच, कीवी क्रश-2 बड़े चम्मच, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-4 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले दूध को मोटे तले के बर्तन में उबालें और चलाते हुए आधा रहने तक पकाएं। इसमें पिसी चीनी और मिल्क पावडर मिलाएं और ठंडा करके दो भागों में बांट लें। एक भाग में एक बड़ा चम्मच पानी और कीवी क्रश मिलाएं, दूसरे में केवल ब्लैक करेंट क्रश मिलाएं। अब कुल्फी मोल्ड्स में कीवी मिश्रण आधा-आधा भरें फिर ब्लैक करेंट मिश्रण इनके ठीक बीच में डालें। इन मोल्ड्स को 7-8 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर निकालें और काटकर सर्व करें।

## खबर संक्षेप


रेवाड़ी। नुक्कड़ नाटक का मंचन करते कलाकार।

### नागरिक अस्पताल में दिया नशा मुक्त भारत का संदेश

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन व डीएसपी ट्रैफिक आशीष चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पुलिस व रंगकर्मी सतीश मस्तान के निर्देशन में शाकुंतलम संगीत व नाट्य संस्था की ओर से सोमवार को नागरिक अस्पताल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। कलाकारों ने आमजन को बताया कि नशा युवाओं को बर्बाद कर रहा है और समाज के लिए घातक होता जा रहा है। नशे में युवक अपने भविष्य के साथ-साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर रहे है। उप सिविल सर्जन डॉ दीपक वर्मा, डॉ सुभाष, ओएसटी सेंटर से काउंसलर दीपचंद, मैनेजर नवीन डाटा व अन्य स्टाफ ने शाकुंतलम संगीत व नाट्य संस्था के कलाकार राधिका, प्रिया, चंचल, विधि, उत्कर्ष, एडवोकेट यशपाल शर्मा, हेमंत राठी व संजय मनचंदा की सराहना की।


रेवाड़ी। कैंप में लोगों को जानकारी देते हुए।

### कैंप में लोगों को नशे की बुराइयों से कराया अवगत

जाटूसाना। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ की ओर से संचालित जिला नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी एवं अवैद्य व्यापार दिवस के उपलक्ष्य में गांव जाटूसाना में जागरूकता एवं मेड़िकल कैंप का आयोजन किया गया। कुमारी संदीपा मनोवैज्ञानिक ने लोगों को अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी एवं अवैद्य व्यापार दिवस के बारे में जानकारी दी तथा लोगों को नशे की बुराईयों से अवगत कराया। उन्होंने नशे के आदी लोगों को केंद्र से निःशुल्क ईलाज कराने के लिए प्रेरित किया। कैंप में करीब 30 लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर कुछ लाभार्थियों का पंजीकरण करके निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। इस अवसर पर जोगेन्द्र सिंह परियोजना समन्वयक, पूनम यादव, पंकज, राजेन्द्र प्रसाद व गांव के सरपंच मनोज सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### बावल के खेल स्टेडियम में दो दिवसीय प्रतियोगिता में 200 पहलवानों ने भाग लिया

# जिलास्तरीय अखाड़ा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला पहलवानों ने दिखाए जौहर


रेवाड़ी। पहलवानों का परिचय कराते हुए डीएसओ। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। विजेता पहलवान को सम्मानित करते डीएसओ।

- दो दिवसीय प्रतियोगिता में करीब 200 पहलवानों ने लिया भाग, फ्री स्टाईल व ग्रीको रोमन कुश्ती सहित जिला कुमार व केसरी दंगल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

खेल विभाग की ओर से बावल के खेल स्टेडियम में दो दिवसीय जिला स्तरीय अखाड़ा प्रतियोगिता, जिला कुमार व केसरी दंगल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पहले दिन पहलवानों के वजन लिए गए। इसके बाद शुरू की गई प्रतियोगिता में करीब 200 पहलवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी मदनपाल, कोच प्रियव्रत, कुश्ती कोच विशाल खत्री, चरण सिंह फुटबॉल कोच, शमशेर सिंह एथलेटिक्स कोच, प्रमोद कुमार टेबल टेनिस कोच, रतन कुमार खो-खो कोच, कर्मबीर जूडों कोच, खेल विभाग कार्यालय से पवन कुमार, नीरज कुमार, अक्षय कुमार, विजय कुमार, अमित कुमार, आकाश कुमार व धनेश कुमार सहित खेल नर्सरियों के कोच पूनम खेड़ा मुरार नर्सरी, अभिषेक गुरू श्योलाल अखाडा राजगढ़ नर्सरी व विपिन आसलवास नर्सरी ने प्रतियोगिता में सहयोग दिया। इसके अलावा हुक्म पहलवान, बीरसिंह पहलवान, सत्यवान पहलवान, धर्मबीर पहलवान, विष्णु पहलवान, कृष्ण पहलवान, दीपक पहलवान, राजेश पहलवान, हरिओम पहलवान, रोहित पहलवान, अजीत पहलवान, समाजसेवी हेमन्त व राज चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले पहलवान

**अंडर-17 पुरुष फ्री स्टाईल कुश्ती**

| वजन | विजेता खिलाडी |
|---|---|
| 41-45 किलोग्राम | मनिन्द्र सिंह, श्योलाल अखाड़ा राजगढ़ |
| 48 किलोग्राम | यशपाल, रामफल अखाड़ा लिसाना |
| 51 किलोग्राम | जतिन, रामफल अखाड़ा, लिसाना |
| 55 किलोग्राम | यश, श्योलाल अखाड़ा, राजगढ़ |
| 60 किलोग्राम | सन्नी, रामफल अखाड़ा लिसाना |
| 65 किलोग्राम | निशांत, रामफल अखाड़ा लिसाना |
| 110 किलोग्राम | दक्ष धनखड़, अखाड़ा बुड़ौली |

**अंडर-21 पुरूष ग्रीको रोमन कुश्ती**

| वजन | विजेता खिलाडी |
|---|---|
| 55 किलोग्राम | धर्मपाल, आसलवास अखाड़ा |
| 60 किलोग्राम | प्रीत, रामफल अखाड़ा लिसाना |
| 72 किलोग्राम | हिमांशु, अजीत अखाड़ा बावल |
| 82 किलोग्राम | धीरज, आसलवास अखाड़ा |
| 87 किलोग्राम | भरत, रेवाड़ी |
| 130 किलोग्राम | हितेश, भाकली |

**सीनियर पुरुष ग्रीको रोमन कुश्ती**

| वजन | विजेता खिलाडी |
|---|---|
| 60 किलोग्राम | मनीष, श्योलाल अखाड़ा राजगढ़ |
| 63 किलोग्राम | मनजीत, पुलिस लाईन रेवाड़ी |
| 77 किलोग्राम | अभिषेक, श्योलाल अखाड़ा राजगढ़ |
| 82 किलोग्राम | शेर सिंह, पुलिस लाईन रेवाड़ी |
| 87 किलोग्राम | हरिओम, रामफल अखाड़ा लिसाना |
| 97 किलोग्राम | कपिल, भवाड़ी |
| 130 किलोग्राम | हर्ष, रामफल अखाड़ा लिसाना |

**अंडर-17 पुरुष फ्री स्टाईल कुश्ती**

| वजन | विजेता खिलाडी |
|---|---|
| 41-45 किलोग्राम | दीपांशु, हनुमान अखाड़ा, बावल |
| 48 किलोग्राम | श्लोक, श्योलाल अखाड़ा राजगढ़ |
| 51 किलोग्राम | हिमांशु, हनुमान अखाड़ा बावल |
| 55 किलोग्राम | हिमांशु, श्योलाल अखाड़ा राजगढ़ |
| 80 किलोग्राम | सारंग, हनुमान अखाड़ा, बावल |
| 92 किलोग्राम | गिरीश राठी, शेखपुर |

**अंडर-21 पुरुष फ्री स्टाईल कुश्ती**

| वजन | विजेता खिलाडी |
|---|---|
| 57 किलोग्राम | कपिल, राजेन्द्र अखाड़ा भाकली |
| 61 किलोग्राम | उमाशंकर, श्योलाल अखाड़ा, राजगढ़ |
| 65 किलोग्राम | कपिल, श्योलाल अखाड़ा राजगढ़ |
| 70 किलोग्राम | अमित, अजीत अखाड़ा बावल |
| 74 किलोग्राम | अरमान, श्योलाल अखाडा, बावल |
| 79 किलोग्राम | नितिन, आसलवास अखाड़ा |
| 92 किलोग्राम | हिमांशु, जलियावास |
| 125 किलोग्राम | गौरव, भाकली |

**सीनियर पुरुष फ्री स्टाईल कुश्ती**

| वजन | विजेता खिलाडी |
|---|---|
| 70 किलोग्राम | विकास, राजेन्द्र अखाड़ा भाकली |
| 74 किलोग्राम | दीपक, राजेन्द्र अखाड़ा, भाकली |
| 79 किलोग्राम | कुलदीप, मल्लूवास |
| 86 किलोग्राम | रोहित, पुलिस लाईन, रेवाड़ी |
| 125 किलोग्राम | अंकुश, पुलिस लाईन रेवाड़ी |

**अंडर-17 महिला पहलवान कुश्ती**

| वजन | विजेता खिलाडी |
|---|---|
| 36-40 किलोग्राम | तन्नु, आसलवास अखाड़ा |
| 43 किलोग्राम | तन्नु, खेड़ा मुरार नर्सरी |
| 46 किलोग्राम | खुशी, खेड़ा मुरार नर्सरी |
| 49 किलोग्राम | राखी, श्योलाल अखाडा राजगढ़ |
| 53 किलोग्राम | पारूल, आसलवास अखाड़ा |
| 57 किलोग्राम | तन्नु, खेड़ा मुरार नर्सरी |
| 61 किलोग्राम | नैना, श्योलाल अखाड़ा राजगढ़ |

**अंडर-21 महिला पहलवान कुश्ती**

| वजन | विजेता खिलाडी |
|---|---|
| 50 किलोग्राम | पिंकी, आसलवास अखाड़ा |
| 53 किलोग्राम | काजल, लिलोढ़ |
| 57 किलोग्राम | नचिता, आसलवास अखाड़ा |
| 62 किलोग्राम | रवीना, आसलवास अखाड़ा |
| 68 किलोग्राम | साक्षी, श्योलाल अखाड़ा, राजगढ़ |

# चित्रगुप्त सभा की नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

श्री चित्रगुप्त सभा की ओर से नारनौल रोड स्थित निजी होटल में सामान्य सभा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ महेश चन्द्रा, डॉ. आदेश सक्सेना, डॉ. शिवशान्त चन्द्रा, संजय माथुर, डॉ मित्रा सक्सेना एवं डॉ. कृष्णा मोहन माथुर ने भगवान श्रीचित्रगुप्त पूजन व दीप प्रज्वलित करके किया।

डॉ. आदेश सक्सेना ने अध्यक्ष के तौर पर अपने दो साल के कार्यकाल में सहयोग देने के लिए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। सभा के सचिव संजय माथुर ने दो वषार् के कार्यकाल की रिर्पोट प्रस्तुत की। इस अवसर पर डा. आदेश सक्सेना ने केके सक्सेना का नाम अध्यक्ष, डॉ. हरिओम कुलश्रेष्ठ का नाम सचिव एवं मनीष निगम का नाम कोषाध्यक्ष पदों के लिए रखा, जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। केके सक्सेना ने सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया कि मिलकर सामाजिक कार्यो को गति दी जाएगी।

उन्होंने नई कार्यकारिणी की भी घोषणा की, जिसमें संरक्षक डा. तारा सक्सेना व डॉ. एसएन सक्सेना, उपाध्यक्ष डॉ. ललित मोहन सक्सेना, अतुल सक्सेना व संजय माथुर, सचिव डॉ. हरिओम सक्सेना, संयुक्त सचिव टीएस भटनागर, कोषाध्यक्ष मनीष निगम, महिला विंग अध्यक्ष अल्पना खरे, सलाहकार समिति में डॉ. आदेश सक्सेना, डॉ. शिवशान्त चन्द्रा, नवीन कुमार, डॉ. मित्रा सक्सेना, डॉ. कृष्ण मोहन माथुर, अजय श्रीवास्तव, डॉ. रूचि सक्सेना तथा सांस्कृतिक समिति में डॉ. रजनी चन्द्रा, डॉ. रचना श्रीवास्तव, डॉ. मित्रा सक्सेना, डॉ. रूचि सक्सेना, डॉ. नामिता कुलश्रेष्ठ, रूपाली चन्द्रा व मोना माथुर को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि यंग समिति की घोषणा आगामी मीटिंग में की जाएगी।


रेवाड़ी। चित्रगुप्त सभा की नवनियुक्त पदाधिकारयों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# बीएलओ आज करेंगे मतदाता सूची का सत्यापन

- 20 अगस्त को किया जाएगा मतदाता सूची का अंतिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम जारी किया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार 25 जून से बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य शुरू करेंगे। डीसी ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार मतदाताओं के बारे में जानकारी एकत्रित करेंगे। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि वह बीएलओ को सही जानकारी दें और उनका सहयोग करें। त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह अपना फार्म भरकर बीएलओ को दे सकते हैं ताकि उनका नाम भी मतदाता सूची में शामिल किया जा सकें। अभियान के दौरान मतदाता सूची में दोहरे नामों को भी हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता भी यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम दो स्थानों पर अंकित न हो।

### 27 से बनेंगे नए वोट


डीसी राहुल हुड्डा

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विशेष अभियान चलाकर 27 जुलाई, 28 जुलाई, 3 अगस्त व 4 अगस्त को पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनवाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित बीएलओ पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनाने के लिए फार्म-6 भरवाने का कार्य करेंगे। इसके बाद 5 जनवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्तियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से वोट बनवाने का अवसर दिया जा रहा है, जिसके तहत एक जुलाई 2024 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर 25 जून से लेकर 24 जुलाई तक सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ नई वोट बनाने का कार्य करेंगे।

## कन्या जन्म पर कुंआ पूजन कर मनाई खुशियां


रेवाड़ी। कुआं पूजने जाते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

कुंड। वर्तमान समय में समाज जागरूक हो रहा है और लड़कियों को लड़कों के बराबर अधिकार दिए जा रहे हैं। गांव खोल निवासी दीपक गुर्जर ने बेटी के जन्म पर खुशियां मनाकर मिशाल कायम की है। बेटों की तरह पूरे रीति रिवाज के साथ बेटी भाविका के जन्म पर कुंआ पूजन कर खुशियां मनाई गई। इस जश्न में रिश्तेदारों के साथ ग्रामीणों को भी आमंत्रित किया गया। इस मौके पर कन्या के पिता दीपक व माता सुशीला ने कहा कि आज के समय में लड़का व लड़की में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने कहा कि बेटियां घर के लिए लक्ष्मी का वरदान होती हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों से ही आगे परिवार चलता है और समाज का निर्माण होता है। मालाराम, बदामी देवी, शांति देवी, मिश्री देवी, मूर्ति देवी, दादा राजेंद्र सिंह, बिजेंद्र सिंह, सहीराम, दादी सुमन देवी, मंजू देवी, सुमन देवी, किशोरी लाल, कश्मीरा देवी, प्रकाश, केला देवी, हरीराम व सरबो देवी सहित ग्रामीणों ने कन्या को आशीर्वाद दिया।

## एनएसएस स्वयंसेवक एडवेंचर कैंप के लिए मनाली रवाना



रेवाड़ी। मनाली कैंप के लिए स्वयंसेवकों को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक 4 दिवसीय एडवेंचर शिविर के लिए कुल्लू मनाली के लिए रवाना हुए। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा. करण सिंह ने स्वयंसेवकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि एनएसएस की ओर से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर अनेक गतिविधियां कराई जाती है, जिसके तहत यह चौथा रिवर राफ्टिंग कम एडवेंचर कैंप मनाली में आयोजित होगा, जिसमें 44 स्वयंसेवक भाग ले रहे है। इन सभी विद्यार्थियों को रॉक क्लाइम्बिंग, जंगल वाक व रिवर राफ्टिंग की गतिविधियां कराई जाएगी। कैंप इंचार्ज डा. महावीर बड़क ने विद्यार्थियों को पूर्ण अनुशासन से कैंप में रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्लर्क संदीप कुमार, रेखा व कार्यक्रम अधिकारी सुशांत यादव मौजूद थे।

## किसान भवन में भाकियू चढूनी की बैठक आयोजित



रेवाड़ी। किसान भवन में मौजूद यूनियन के पदाधिकारी।

रेवाड़ी। भारतीय किसान यूनियन चढूनी की ओर से सोमवार को कियान भवन में बैठक का आयोजन किया गया। यूनियन के प्रधान समय सिंह ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन चढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी 5 जुलाई को किसान भवन में यूनियन की मीटिंग लेंगे तथा जिले के किसानों व मजदूरों की समस्या सुनेंगे। प्रधान ने कहा यूनियन के पदाधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों को आमंत्रित कर रहे हैं। समय सिंह ने कहा कि अभी तक कुछ किसानों की भावांतर राशि नहीं मिली है और जिन गांवों में 100 प्रतिशत ओलावृष्टि का नुकसान था, उनका मुआवजा भी पूरा नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर 5 जुलाई तक किसानों का पैसा नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर किसान नेता जगदीश गुर्जर, वेद फोगाट, देशराज, राजसिंह ढिल्लों, रोशन लाल गुलाबपुरा, शीशराम, सुरेंद, राजवीर, लोकेश बावल, सुभाष चंद्र नंबरदार, अशोक नंबरदार, वेद हवलदार, काजल कुमारी व मुन्नी सहित अनेक किसान नेता मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर में 161 यूनिट रक्त किया डोनेट


रेवाड़ी। शिविर में रक्तदान करते हुए युवा।

कुंड। गांव माजरा में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर रोहित चौहान के जन्मदिन पर श्याम मेडिकल स्टोर की ओर से आयोजन किया गया। शिविर में राठ ब्लड बैंक बहरोड की टीम ने 161 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर का उद्घाटन जिला पार्षद जयप्रकाश झाबर व सरपंच रविंद्र हाथी ने किया। शिविर में माजरा निवासी संदीप कुमार ने 31वीं बार रक्त दान किया। शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर व बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पार्षद झाबर ने कहा कि खून की एक-एक बूंद व्यक्ति के जीवन को बचा सकती है, इसलिए हमे साल में दो बार रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से दिल की सेहत में सुधार के साथ, दिल की बीमारियां और स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित होती है। इसलिए स्वस्थ्य व्यक्ति जरूर रक्तदान करें। शिविर के आयोजक रोहित ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अहीरवाल में अपने खास समर्थकों को मैदान में उतारने पर रहेगा जोर

# विस चुनावों को लेकर दबाव की 'राजनीति', भाजपा को तेवर दिखा सकते हैं राव

नरेन्द्र वत्स ▶▶। रेवाड़ी


रेवाड़ी। राव इंद्रजीत सिंह व आरती राव।

लोकसभा चुनावों में अपने समर्थकों के बूते लोकसभा में पहुंचने के बाद राव विधानसभा चुनावों को लेकर नए सिरे से रणनीति बनाने में लगे हुए हैं। भाजपा के प्रति उनके 'बगावती' तेवर जल्द देखने को मिल सकते हैं। कम से कम अहीरवाल क्षेत्र के कई हलकों में वह गत विधानसभा चुनावों की तरह की तरह इस बार भी टिकट को लेकर अड़ सकते हैं। साथ ही उन्हें बेटी आरती राव के लिए भी टिकट की हर हाल में गारंटी चाहिए। राव अभी पूरी तरह शांत नजर आ रहे हैं, परंतु अंदरखाने प्रभावी रणनीति पर विचार चल रहा है। रविवार को रोहतक में आयोजित सांसदों के सम्मान समारोह से राव का किनारा करना इस बात के संकेत दे रहा है कि वह पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से नाराज चल रहे हैं।

लोकसभा चुनावों में भाजपा के कई प्रभावशाली नेताओं का उन्हें कोई साथ नहीं मिला था। जीत का मार्जिन काफी कम होने के साथ ही राव ने इस पर मंथन करना शुरू कर दिया था। साथ ही उन्होंने विधानसभा चुनावों को लेकर प्रभावी नीति पर काम करने के संकेत भी दे दिए थे। राव के लिए इस बार बेटी आरती राव को हर हाल में चुनाव लड़ाने की मजबूरी है। सक्रिय राजनीति में रहते हुए राजनीतिक विरासत का हस्तांतरण करने के लिए यह संभवतया आखिरी मौका है। भाजपा के लिए परिवारवाद की राजनीति का हवाला देते हुए इस बार भी आरती को टिकट देना आसान नहीं होगा। राव को सिर्फ आरती की टिकट तक से सरोकार नहीं है। बादशाहपुर से लेकर नारनौल तक उनके खास समर्थक टिकट का इंतजार कर रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनावों में पार्टी ने कुछ सीटों को छोड़कर शेष का निर्णय राव को सौंप दिया था, परंतु इन विधानसभा चुनावों में ऐसा होने के आसार नहीं हैं। खास समर्थक राव से टिकट की बड़ी उम्मीद लगाए बैठे हैं, तो उनके विरोधी खेमे से जुड़े नेताओं को भी टिकट का बेसब्री से इंतजार है। अगर अहीरवाल में टिकट की कमान एक बार फिर राव के हाथों में आती है, तो भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं की चुनाव लड़ने की तैयारियों पर पानी फिर सकता है।

### इंसाफ मंच का विकल्प भी खुला

राव ने वर्ष 2013 में कांग्रेस को अलविदा कहने के साथ ही इंसाफ मंच का गठन कर लिया था। मोदी लहर को देखते हुए उन्होंने इंसाफ मंच को राजनीति पार्टी बनाने का इरादा त्यागकर भाजपा ज्वाइन कर ली थी। अगर इस बार भाजपा आरती को टिकट देने से मना करती है, तो राव इंसाफ मंच को राजनीतिक पार्टी बनाकर अहीरवाल में अपना झंडा बुलंद करने का प्रयास कर सकते हैं। फिलहाल कई हलकों में राव समर्थकों को इस बात पूरा भरोसा है कि उन्हें टिकट के मामले में राव निराश नहीं होने देंगे। इसके लिए भले ही उन्हें इंसाफ मंच को पार्टी में बदलना पड़े।


रेवाड़ी। समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सामाजिक कार्य के लिए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए सम्मानित

कोसली। आमजन विकास सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शर्मा को अखिल भारत वर्षीय चौरासिया ब्राह्मण महासभा की ओर से सम्मानित किया गया। पं. विजय शर्मा पूर्व सरपंच गांव बिकानेर ने बताया कि समाजसेवी संस्था मन्ढौरी सेवा समिति व आमजन विकास सेवा समिति की ओर से महासभा के प्रतिभा सम्मान समारोह में निःशुल्क मीठे पानी की व्यवस्था की गई है। संस्था की ओर से पिछले कई वर्षो से अनेक सामाजिक कार्य किए जा रहे है। ब्राह्मण महासभा की ओर से से समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूलमाला पहनाकर व पगड़ी बांधकर सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ब्राह्मण महासभा का आभार व्यक्त किया।

### सुपर स्टोर का ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी

बावल। नैचाना रोड पर चोर एक सुपर स्टोर का ताला तोड़कर हजारों रुपये नकदी और सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। कालड़ावास निवासी शिव कुमार ने बावल के नैचाना रोड पर सुपर स्टोर किया हुआ है। रात को वह स्टोर बंद करने के बाद अपने घर चला गया था। सोमवार सुबह जब स्टोर पर पहुंता तो ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर सामान बिखरा हुआ था। उसने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी।

**सूचना**

मैं, सविता देवी विधवा श्री सुबे सिंह निवासी ग्राम नांगल उगरा, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र हितेश व मेरी पुत्रवधु पूजा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### पति पर मारपीट करने का आरोप, केस दर्ज

**नाहड़।** नाहड़ गांव की एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। नाहड़ पुलिस चौकी ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। अस्पताल में उपचाराधीन सारिका वर्मा ने पुलिस बयान में बताया कि उसका अपने पति रामकृष्ण के साथ कई दिनों से मन-मुटाव चल रहा है। शाम के समय वह घर पर काम कर रही थी। इसी दौरान उसके पति ने वहां आकर पहले उसे थप्पड़-मुक्कों से पीटा। इसके बाद डंडे से उसके सिर पर वार कर दिए।

### बंद मकान के ताले तोड़कर नकदी ले गए चोर

**बव्वा।** झोलरी रोड पर चोर एक बंद मकान के ताले तोड़कर नकदी व नोटों की माला चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। दिल्ली में नौकरी करने वाले ओमप्रकाश ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह साप्ताहिक अवकाश होने पर अपने घर आता है। इस बार जब वह घर आया तो उसके मकान के ताले टूटे हुए थे। कमरे में रखी अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। चोर अलमारी व संदूक के दस के नोटों की दो गड्डियां, नोटों की तीन मालाएं व 18 हजार रुपये और एक चांदी की चेन नहीं मिले। उसने तुरंत घटना की सूचना डायल-112 पर दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### डेल्टा फाइव मोटरसाइकिल रैली के आगमन पर अनाज मंडी में समारोह आयोजित

# जो कौम अपने शहीदों को भूल जाती हैं उनका नामोनिशान मिट जाताः मेजर जनरल

डेल्टा फाइव मोटरसाइकिल रैली के आगमन पर अनाज मंडी में समारोह आयोजित, कारगिल वीर शहीदों की वीरांगनाओं को सेना ने किया सम्मानित



रेवाड़ी। शहीद की वीरांगना को सम्मानित करते अरविंद यादव, मोटर साइकिल जत्थे के साथ सेना के अधिकारी। फोटोः हरिभूमि





रेवाड़ी। कार्यक्रम में बैंड की प्रस्तुति देते जवान। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय सेना की ओर से पूरे देश में निकाली जा रही डेल्टा फाइव मोटरसाइकिल रैली का सोमवार को रेवाड़ी में प्रवेश हुआ। इस उपलक्ष्य में नई अनाज मंडी परिसर में सेना की ओर से कारगिल शहीदों की वीरांगनाओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में दिल्ली आर्टिलरी रेजीमेंट के मेजर जनरल अरविंद यादव मुख्य अतिथि थे। इसके अलावा सेना के अनेक अधिकारी, सेवानिवृत्त अधिकारी, पूर्व सैनिक तथा शहीदों के परिजन उपस्थित थे। इस अवसर पर मेजर जनरल अरविंद यादव ने कहा कि भारतीय सेना कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ को शौर्य यादगार के रूप में मना रही है। इस उपलक्ष्य में सेना की ओर से अलग-अलग स्थानों से पांच मोटरसाइकिल रैली निकाली जा रही हैं। जोकि द्वारका गुजरात, दीमापुर नागालैंड, धनुषकोडी तमिलनाडु तथा दिल्ली से कश्मीर में द्रास तक जाएगी। इस रैली का समापन द्रास में 10 जुलाई को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज से 25 साल पहले कारगिल की लड़ाई में सेना के 550 जवान शहीद हुए थे। सेना का प्रयास है कि इन सभी शहीदों के परिवारों से मिलकर उनका सम्मान किया जाए।

### कारगिल शहीदों की वीरांगनाएं हुई सम्मानित

मेजर जनरल यादव ने कहा कि जो कौम अपने शहीदों को भूल जाती हैं, उनका नामोनिशान मिट जाता है। शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वह हमेशा देशवासियों के दिलों में जिंदा रहते हैं। उन्होंने कहा कि सेना हमेशा अपने सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा शहीद परिवारों की भलाई के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी वीरों की धरती है, इसीलिए यहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। रेजांगला की लड़ाई में अहीरवाल की चार्ली कंपनी ने 114 जवानों का बलिदान देकर मातृभूमि की रक्षा की थी। देश के लिए कुबार्नी का यह इतिहास सदा अमर रहेगा। उन्होंने रेजांगला की लड़ाई में शामिल रहे कैप्टन रामचंद्र यादव व हवलदार निहाल सिंह को सेना का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इसके अलावा कारगिल शहीदों की वीरांगनाओं को भी सम्मानित किया गया। आर्टिलेरी रेजीमेंट के ब्रिगेडियर मिलिंद व्यास ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रिटायर्ड कर्नल रणबीर यादव ने जिले के वीर इतिहास पर प्रकाश डाला। परमवीर चक्र मेजर योगेंद्र यादव ने कहा कि कारगिल में बुलंद हौसले के साथ सैनिकों ने अपने साथियों की जान बचाने के लिए खुद के प्राणों का बलिदान दे दिया था। आर्मी बैंड ने अपनी धुनों से सबका मन मोहा। प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने सेना को समर्पित गीत की प्रस्तुति दी। मेजर जनरल अरविंद यादव ने डेल्टा फाइव मोटरसाइकिल रैली को झंडी दिखाकर दिल्ली के लिए रवाना किया।

#### समारोह में इनको किया गया सम्मानित

मेजर जनरल अरविंद यादव ने कारगिल शहीद हवलदार लाल सिंह की माता बिमला देवी, राजेश कुमार की धर्मपत्नी मुन्नी देवी, मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित सूबेदार सज्जन सिंह की माता कौशल्या देवी, सूबेदार मेजर साधुराम की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी, आशीष कुमार की धर्मपत्नी बिमला देवी, बच्चन सिंह की धर्मपत्नी कमलेश बाला, कमर सिंह की धर्मपत्नी माया देवी, विक्रम सिंह की धर्मपत्नी कृष्ण कंवर, जसबीर सिंह की धर्मपत्नी सुनीता देवी, कंवरपाल सिंह की धर्मपत्नी विदेश देवी, सुरेंद्र सिंह की धर्मपत्नी मोंटी देवी तथा सेना मेडल से सम्मानित विनोद कुमार की धर्मपत्नी मधुबाला को स्मृति चिन्ह व 35 हजार की राशि का चेक भेंट किया। उन्होंने मेजर अशोक शर्मा, हवलदार रतीराम, लांस नायक हरपाल सिंह को भी सम्मानित किया। समारोह में जिला सैनिक बोर्ड के सचिव रिटायर्ड कर्नल अमन यादव, आईटीबीपी के कमांडेंट अशोक यादव, कर्नल एसके महापात्रा, मेजर पूजा सांगवान, मेजर गरीमेला प्रसाद व मेजर अखिल गुप्ता कैप्टन मनी भूषण कुमार मौजूद थे। आयोजन में हीरो मोटरकार्प, इफको व अपोलो अस्पताल का योगदान रहा। इस अवसर पर अपोलो की ओर से एक मेडिकल कैंप लगाकर मरीजों की निःशुल्क जांच की गई।

### नौकरियों में क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा बढ़ने से लाखों को मिलेगा लाभ

**रेवाड़ी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी की ओर से केंद्र सरकार की तर्ज पर क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा को बढ़ाकर आठ लाख रुपये करने सहित ओबीसी वर्ग के लिए खोले गए घोषणाओं के पिटारे की कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव तथा समस्त अहीरवाल क्षेत्र के लोगों ने सराहना की है। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि ओबीसी समाज की इन बड़ी मांगों को लेकर पिछड़ा वर्ग लंबे समय से राहत की मांग करता आ रहा है। उन्होंने स्वयं विधानसभा में दो बार इन मांगों को प्रमुखता से उठाने के साथ-साथ विधायक दल की बैठकों में भी अनेकबार मुख्यमंत्री के समक्ष रखा था, जिस पर मुख्यमंत्री की ओर से शीघ्र ही सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया था।


लक्ष्मण सिंह यादव।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की नौकरियों में क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा को छह लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपये करने की घोषणा की है, जिससे प्रदेश के लाखों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। कोसली विधायक ने बताया कि ओबीसी के ग्रुप-ए तथा ग्रुप-बी के पदों में पिछड़े वर्गों का आरक्षण 15 फीसदी है। अब इसे केंद्र सरकार की तर्ज पर 15 से बढ़ाकर सभी पिछड़े वर्गों के लिए 27 फीसदी करने की घोषणा की गई है। इसके अलावा नौकरियों में पिछड़ा वर्ग-ए तथा वर्ग बी के बैकलॉग को प्राथमिकता के आधार पर भरने का भी निर्णय लिया गया है, जिसके लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने की तैयारी भी सरकार ने शुरू कर दी है।

## पॉलिटेक्निक गेस्ट फेकल्टी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी


रेवाड़ी। सीएम क नाम सतीश खोला को ज्ञापन देते हुए। फोटोः हरिभूमि

हरियाणा में विभिन्न राजकीय व सोसायटी पॉलिटेक्निक में कार्यरत गेस्ट फेकल्टी को नियमित करने या सभी लाभ के साथ 58 साल तक नौकरी सुरक्षा देने को लेकर सोमवार को भाजपा नेता डा. सतीश खोला को मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम मांग पत्र सौंपा गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के विभिन्न पॉलिटेक्निक में कार्यरत गेस्ट फैकल्टी व इंस्ट्रक्टर की संख्या लगभग 450 है तथा जो नियमित लेक्चरर की कमी को पूरा करने के लिए पिछले 10 वर्षों से अपनी विशेषज्ञता का परिश्रम पूर्वक योगदान दे रहे हैं। पिछले डेढ़ दशक से हरियाणा के प्रत्येक पॉलिटेक्निक में तकनीकी व कौशल शिक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रत्येक लेक्चरर वभाग व एआईसीटी द्वारा निर्धारित सभी सेवा नियमों को पूरा करते हैं। उन्होंने नियमितीकरण व 58 साल तक सेवा सुरक्षा देने की मांग की। उन्होंने पूर्ण वेतनमान, डीए सेवा पुस्तिका, एच और एम एस पोर्टल में समावेशन, एलटीसीटीए/डीए एवं एच० आरए और नियमित लेक्चरर के समान अन्य लाभ देने की मांग की। इस मौके पर सुनील यादव, स्नेहलता, राकेश, राजेश, पंकज व सुमन सहित दर्जनों लेक्चरर मौजूद थे।

### अवैध शराब बेचने वाले वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की ओर से असामाजिक गतिविधियां फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए अभियान चलाया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान एवन उर्फ पवन कुमार निवासी गांव माढिया खुर्द व यशवीर निवासी मोहल्ला शास्त्री नगर के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12 बोतल बीयर व 37 बोतल देशी शराब बरामद की है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि जिले में पुलिस की गश्त बढ़ाई गई है, विशेष नाके लगाकर आने जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अगर कोई व्यक्ति किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि व शरारत इत्यादि करता पाया गया या सार्वजनिक स्थान पर शराब पीता या बेचता पाया तो उस पर होगी कर्रवाई।

## शिविर में ज्यादातर समस्याएं फैमिली आईडी की

- सोमवार को एडीसी अनुपमा अंजलि ने सुनी नागरिकों की विभिन्न प्रकार की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी


रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की समस्या सुनती एडीसी। फोटोः हरिभूमि

सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला प्रशासन की ओर से लोगों की समस्याएं सुनीं गई। शिविर में लोगों को उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है। एडीसी अनुपमा अंजलि ने सोमवार को अधिकारियों के साथ परिवार पहचान पत्र के अलावा प्रॉपर्टी आईडी, राशन कार्ड, बिजली, पेयजल, पुलिस से संबंधित तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों के मामलों की सुनवाई की। इस दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया गया। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में ज्यादातर समस्याएं फैमिली आईडी यानी पीपीपी को लेकर आ रही हैं। इसके लिए पीपीपी के जिला प्रबंधक व उनकी टीम शविर में कंप्यूटर लगाकर तुरंत समाधान कर रहे है।

उन्होंने कहा कि अगर शिकायतकर्ता के पास सभी जरूरी दस्तावेज मौके पर होते है तो उसकी समस्या का समाधान तुरंत कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कार्यदिवस पर जिला स्तर का स्थानीय लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में व उपमंडल स्तर पर एसडीएम कार्यालय में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अगर किसी को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने में व अन्य कोई समस्याएं आ रही हैं तो वह समाधान शिविरों में अपनी शिकायतों का त्वरित समाधान करा सकते हैं।

### ग्राहक बनकर दुकान पर आया, पचास हजार लेकर फरार

**रेवाड़ी।** बणीपुर चौक पर एक हार्डवेयर की दुकान में ग्राहक बनकर आया व्यक्ति दुकानदार के गल्ले से 50 हजार रुपये निकालकर फरार हो गया। वह सीसीटीवी कैमरे में साफ नजर आ रहा है। कसोला पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की पहचान कराना शुरू कर दिया। जसवंत नगर निवासी सुरेंद्र ने कसोला चौक पर पेंट एंड हार्डवेयर की दुकान की हुई है। उसकी दुकान पर एक साथ दो अनजान ग्राहक आए। एक ने रस्सा दिखाने को कहा व दूसरे ने पेंट खरीदने की बात कही। जब वह दूसरे ग्राहक को पेंट देने लगा तो रस्सा खरीदने के लिए आया ग्राहक उसके गल्ले से 50 हजार रुपये निकालकर चला गया। उसके जाने के बाद गल्ला चेक किया तो उसमें रखी नकदी गायब मिली। उसने तुरंत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो रस्सा लेने के लिए आया ग्राहक गल्ले से पैसे चुराते साफ दिखाई दिया। उसने कैमरे की फुटेज पुलिस को सौंप दी। कसोला पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9671434260, 8595581311

## सरकारी नौकरियों में लाभ देने की घोषणा का किया स्वागत

- ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर मिठाई बांटकर बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोसली


रेवाड़ी। सीएम की घोषणा पर लड्डू बांटकर खुशी मनाते पिछड़ा वर्ग के लोग। फोटोः हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा ने हरियाणा सरकार की ओर से पिछड़ा वर्ग के कल्याण व युवाओं को सरकारी नौकरियों में बड़ा लाभ देने के लिए की गई घोषणाओं का स्वागत किया है। ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर मिठाई बांटकर बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष शारदा यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ओबीसी समाज के लिए बहुत ही बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अब तक नौकरियों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण के अंदर, क्रीमीलेयर की वार्षिक आय सीमा सभी स्रोतों से 6 लाख रुपये थी। हरियाणा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से विचार उपरांत अब प्रदेश सरकार ने नौकरियों में यह क्रिमीलेयर की सीमा बढ़ाकर 8 लाख रुपये वार्षिक कर दी है। भारत सरकार की तर्ज पर इस आय में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएगा, जिससे लाखों लोगों को लाभ होगा। इसके अतिरिक्त ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के पदों में पिछड़े वर्गों का आरक्षण 15 प्रतिशत है। अब इसे केंद्र सरकार की तर्ज पर 15 प्रतिशत से बढाकर सभी पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत किया जाएगा। इसके अलावा नौकरियों में पिछड़ा वर्ग-ए और बी के बैकलाग को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। इसके लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुंदर, जिला सचिव सत्यनारायण यादव, रघुवीर सिंह, सूबेदार रामकुमार, जगबीर सिंह, राजकुमार, महेंद्र व राजेश सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## आईजीयू में एमकॉम और 5 वर्षीय एमकॉम में प्रवेश के लिए 27 जून तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में संचालित एमकॉम एवं 5 वर्षीय एमकॉम कोर्स में प्रवेश के लिए 27 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। सभी अभ्यर्थियों को इसकी हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 8 जुलाई तक संबंधित विभाग में जमा करानी होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. अदिति शर्मा ने बताया कि 5 वर्षीय एमकॉम और एमकॉम में 60-60 सीटें है। 5 वर्षीय एमकॉम के लिए बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में ऑनलाइन आवेदन करना होगा तथा एससी उम्मीदवार के लिए अंकों की आवश्यकता 47.5 प्रतिशत रहेगी। 5 वर्षीय एमकॉम में प्रवेश अकेडमी मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। 2 वर्षीय एमकॉम के लिए ग्रेजुएशन में 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा एससी उम्मीदवार के लिए अंकों की आवश्यकता 47.5 प्रतिशत रहेगी। एमकॉम के लिए प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई को होगी। मास्टर ऑफ कॉमर्स के 5 वर्ष पूरे करने के पश्चात विद्यार्थियों के सामने विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों में करियर बनाने के अवसर होते है।


प्रो. अदिति शर्मा।

### बरसात से जगह-जगह हुए जलभराव से बढ़ी परेशानी, किसानों के खिल उठे चेहरे

# एक घंटे की झमाझम बरसात से मौसम हुआ सुहावना

- उमसभरी गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी


रेवाड़ी। सोमवार आई बरसात से बावल रोड पर भरा पानी। फोटोः हरिभूमि

मई माह में जहां लू के प्रकोप से जन जीवन पूरी तरह प्रभावित रहा वही जून माह में लोगों को उमस भरी गर्मी ने जमकर परेशान किया। चार दिन से आसमान में बादल छाने के बाद सोमवार को दोपहर बाद एक घंटे हुई झमाझम बरसात से मौसम सुहावना हो गया। बरसात से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे। मौसम विभाग की ओर से इस सप्ताह अच्छी बरसात होने की संभावना जताई जा रही थी। प्री-मानसून की दस्तक से लोगों को आगामी दिनों में अच्छी बरसात की उम्मीद है, जिससे लोगों को गर्मी से पूर्णतया छुटकारा मिलने वाला है। बरसात के कारण जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली वही सड़कों पर जलभराव होने से परेशानी का भी सामना करना पड़ा। शहर के कई निचले इलाकों में बरसात का पानी जमा हो गया, जिससे लोगों को घर से निकलने में भी परेशानी हुई। सोमवार को सुबह से आसमान साफ रहने के कारण दोपहर तक उमस भरी गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ाने का काम किया। अधिकतम तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस घटकर 41.4 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से मौसम साफ रहने के कारण दोपहर तक तेज धूप का असर रहा। दोपहर बाद अचानक आसमान में बादल छाने के बाद तेज हवाएं चलने लगी।

#### किसानों को था बरसात का इंतजार

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन के अनुसार इस सप्ताह मौसम में लगातार परिवर्तन देखने को मिलेगा। तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा तथा अच्छी बरसात होने की संभावना है। इस बार किसानों को मौसम की मार झेलनी पड़ रही थी, लेकिन सोमवार को हुई बरसात से किसानों के चेहरे खिल उठे। किसानों की कपास की फसल को भी बरसात से संजीवनी मिल गई है।

#### जलभराव से पैदा हुई परेशानी

शहर में एक घंटे हुई तेज बरसात से शहर में जगह-जगह जलभराव की समस्या पैदा हो गई। नगर परिषद की ओर से बरसात से पहले नालों की पूर्णतया सफाई नहीं की गई है। आगामी दिनों में बरसात से लोगों को ओर भी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। बरसात से बावल रोड, मॉडल टाउन, गोकल बाजार, भाड़ावास गेट के पास, नई आबादी मोहल्ला, नाईवाली चौक, सब्जीमंडी, अनाजमंडी व रेलवे रोड सहित कई इलाकों में जलभराव हो गया।